हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 8 मई 2026

तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री



12 आठ साल बाद भी अधूरा न्याय, किसान को मुआवजे...



13 पीएम आवास योजना में धमतरी बना प्रदेश का नं.1..






## खबर संक्षेप

### लेटरल एंट्री से प्रवेश के लिए आवेदन 16 तक

**धमतरी।** नगरी विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में कक्षा 11वीं में लेटरल एंट्री के माध्यम से अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए 16 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि आवेदन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद तथा डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### जोरातराई (अं) में रात्रिकालीन कबड्डी 16 को

**अंवरी।** ग्राम जोरातराई अं में 16 मई को रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रथम इनाम 12001 रूपये, द्वितीय इनाम 8000 रूपये, तृतीय 4000 रूपये एवं चतुर्थ इनाम 2000 रूपये रखा गया है। प्रवेश शुल्क 300 रूपये है। इसकी तैयारी में मुकेश कुमार अध्यक्ष, मनीष पाल, शैलेंद्र, श्रवण, भारत, घनश्याम, देव, रमेश, गजाधर पाल एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### जहर सेवन से वृद्ध की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक वृद्ध ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम कातलबोड़ निवासी डिकेश्वर ध्रुव पिता केजूराम उम्र 60 वर्ष किसानी का काम करता था। वह शराब पीने का आदी था। 3 अप्रैल की रात्रि परिवार की सभी लोग खाना खाकर सो गए। इसी दौरान वृद्ध ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। वृद्ध ने देर रात्रि अपनी पत्नी रूक्मणि ध्रुव को जहर सेवन कर लेने की जानकारी दी। परिजन उसे तत्काल मोटरसाइकिल से उपचार के लिए कुरूद अस्पताल ले गए जहां से रिफर करने पर वृद्ध को धमतरी के गुप्ता अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान वृद्ध की गुरुवार की सुबह मौत हो गई।

### प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 को

**धमतरी।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। किसी भी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड के संबंध में कठिनाई होती है तो कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक-85 स्थित आदिवासी विकास विभाग में सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# गंदगी फैलाने वालों पर निगम की सख्ती, 23 लोगों से 21,700 रूपये की चालानी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश में निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्र में निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान डेयरी संचालकों, कबाड़ सामग्री फैलाकर रखने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों पर विशेष निगरानी रखी गई। नगर निगम की टीम ने शहर के अलग-अलग वार्डों एवं मुख्य मार्गों का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले 23 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 21 हजार 700 रुपये की चालानी वसूली की। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर डेयरी संचालकों द्वारा सड़क किनारे गंदगी फैलाना, अपशिष्ट सामग्री खुले में छोड़ना तथा नालियों को अवरुद्ध करने जैसी शिकायतें सामने आईं। बार-बार समझाइश देने के बावजूद सुधार नहीं होने पर निगम प्रशासन ने कैलाश ग्वाल रामकृष्ण ग्वाल लालबगीचा निवासी डेयरी को सील करने की कार्रवाई भी की। इस कार्रवाई के बाद अन्य व्यापारियों एवं डेयरी संचालकों में हड़कंप मच गया।

## नियमों का उल्लंघन करने पर एक डेयरी सील, संचालकों में मचा हड़कंप

### कबाड़ फैलाने वालों पर कार्रवाई

इसके अलावा कुछ कबाड़ी व्यवसायियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों एवं सड़क किनारे कबाड़ सामग्री फैलाकर रखने से यातायात एवं स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। निगम अमले ने ऐसे लोगों पर भी कार्रवाई करते हुए चालान काटे तथा तत्काल सामग्री व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।



### स्वच्छता बनाए रखने सहयोग करने की अपील

स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा ने शहरवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें। दुकानदारों एवं व्यवसायियों को भी अपने प्रतिष्ठान के आसपास साफ-सफाई रखने, कचरा सड़क पर नहीं फेंकने एवं स्वच्छता नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई है।

## शिविर में लग रही आवेदनों की झड़ी, आवेदनों में मांगों की संख्या ज्यादा

# सुशासन तिहार : शिकायत नहीं मांग पर है लोगों का ज्यादा फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सुशासन तिहार में सड़क, बिजली, आवास, राशन कार्ड सहित अन्य प्रकार के आवेदनों की झड़ी लगी हुई है। आवेदनों में शिकायतों की संख्या कम है, लेकिन मांगों की बाढ़ आ रही है। कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, लेकिन अधिकांश आवेदनों का निराकरण पेंडिंग हैं, जिनका शीघ्र ही निराकरण किया जाएगा।

सुशासन तिहार के तहत मात्र चार स्थानों पर ही शिविर का आयोजन हुआ है और आवेदनों की संख्या डेढ़ हजार तक पहुंच गई है। आवेदन लेने के लिए चारों ब्लाक को 24 क्लस्टर में बांटा गया है, जहां पर शिविर की शुरूआत हो चुकी है। भोयना और कुकरेल में शिविर लगाया गया। नगर निगम और नगर पंचायतों में भी शिविरों का आयोजन किया जाएगा। दो शिविर धमतरी नगर निगम क्षेत्र में लगे हैं। इन शिविरों में आवेदनों की भरमार है। अब तक की स्थिति देखें तो 1 हजार 475 आवेदन मिले हैं। इनमें सर्वाधिक आवेदन मांग से संबंधित है। सड़क, बिजली, पानी, आवास, राशन कार्ड सहित अन्य प्रकार की मांगों को लेकर 1 हजार 434 आवेदन मिले हैं। 41 आवेदन शिकायत से संबंधित हैं।



24 ग्राम पंचायतों को क्लस्टर के रूप में चिन्हित करते हुए समाधान शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है, जहां आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जाएगा।

### तत्काल हुआ निराकरण

शिविरों की शुरूआत धमतरी के भोयना और नगरी के कुकरेल क्लस्टर से हुई। भोयना में जहां 21 गांव के ग्रामीण आवेदन लेकर पहुंचे थे वहीं कुकरेल क्लस्टर के 17 गांव के ग्रामीण पहुंचे थे। बठेना में 4 मई और हटकेशर में 6 मई को शिविर लगाया गया था। इन शिविरों में 262 मांगों का तत्काल निराकरण किया गया। बाकी 1172 मांग और 41 शिकायतों का जल्द ही निराकरण किया जाएगा।





# बुजुर्ग की चाकू मारकर हत्या पैसों के विवाद ने ली जान

- भखारा के महावीर चौक की घटना : एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

भखारा थाना क्षेत्र में पैसों के लेन-देन को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। भखारा के महावीर चौक पर हुए हमले में एक बुजुर्ग की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार मामला बाइक एक्सीडेंट के बाद हुए नुकसान की भरपाई से जुड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले एक बाइक दुर्घटना में करीब 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ था। इसी नुकसान की भरपाई को लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही थी। मृतक बुजुर्ग, जो आरोपी युवक के दोस्त के दादा बताए जा रहे हैं, उन्होंने विवाद शांत कराने और मदद के तौर पर आरोपी युवक को 5 हजार रुपये दिए थे।

हालांकि बाकी रकम को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। बुधवार की रात इसी पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद अचानक बढ़ गया। देखते ही देखते बहस गाली-गलौज और फिर मारपीट में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महावीर चौक के बीचोंबीच दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई।





इसी दौरान आरोपी युवक के एक साथी ने गुस्से में आकर बुजुर्ग पर चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर ने न केवल चाकू मारा बल्कि गले पर भी वार किया, जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही लहूलुहान हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन अत्यधिक खून बह जाने के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना मिलते ही भखारा पुलि टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेरकर जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जबकि मुख्य आरोपी वारदात के बाद से फरार बताया जा रहा है। उसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार शुरुआती जांच में मामला पैसों के विवाद से जुड़ा सामने आया है। हालांकि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


# रिसगांव में बिजली-पानी की समस्या

- ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिहावा क्षेत्र के वनांचल ग्राम रिसगांव में लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। वहीं सोलर प्लांट की बैटरी खत्म होने से ग्रामीणों को अंधेरे में जीवन बसर करना पड़ रहा है। रिसगांव से पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन कर पेयजल तथा विद्युत व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग की है।

जिला मुख्यालय से करीब 100 किमी दूर वनांचल ग्राम रिसगांव से पहुंचे ग्रामीण लक्ष्मीबाई, शांति यादव, यामिनी नेताम, सीमाबाई, देविका, सरोजनी आदि ने जिलाधीश के नाम आवेदन सौंपकर कहा है कि रिसगांव के वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 में पेयजल की व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं रिसगांव में लगाए गए सौर ऊर्जा प्लांट की बैटरी खराब हो गई है। सोलर प्लांट से मात्र 35 से 40 मिनट बिजली मिल पा रही है जिससे ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पेयजल व्यवस्था तथा सोलर प्लांट की बैटरी दुरुस्त कर समस्या का निराकरण करने की मांग की है।



# आनलाइन सट्टा रैकेट संचालित कर रहा आरोपी गिरफ्तार

- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आईपीएल क्रिकेट के लाइव मैच में टीमों की हार-जीत पर आनलाइन सट्टा रैकेट संचालित कर रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सिटी कोतवाली को मुखबिर से आमातालाब रोड में स्थित यादव भवन के पास एक युवक द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से आईपीएल टी 20 मैच में आनलाइन सट्टा संचालित करने की सूचना मिली। कोतवाली पुलिस की टीम कार्रवाई के लिए तत्काल रवाना हुई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच रेड की कार्रवाई की। इस दौरान बताए गए स्थान पर संस्कार यादव पिता रमेश यादव उम्र 25 वर्ष रामसागरपारा धमतरी निवासी को संदेहास्पद अवस्था में पकड़ पूछताछ की गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से मोबाइल बरामद किया गया जिसमें रेडी अन्ना डाट काम साइट पर आईडी बनाकर आईपीएल क्रिकेट मैच में रुपये पैसों का दांव लगवाया जा रहा था। आरोपी ने स्वयं के बैंक खाते के माध्यम से रकम का लेनदेन करना स्वीकार किया। यह रैकेट सट्टा रेडी अन्ना वेबसाइट के माध्यम से संचालित किया जाना पाया गया।



आरोपी के कब्जे से एक नग मोबाइल कीमत 10 हजार, ज्यूपिटर क्रमांक सीजी 05 एआर 7569 कीमत 1.20 लाख रुपए, नकदी 1800 रूपए कुल 1 लाख 32 हजार 500 रुपए की संपत्ति जब्त की गई। पुलिस ने धारा 7(क) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी संस्कार ग्वाल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### आनलाइन सट्टा पर पुलिस की पैनी नजर

पुलिस द्वारा पूर्व में भी आनलाइन आईपीएल सट्टा से जुड़े तीन अलग-अलग प्रकरणों में मुख्य आरोपियों सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ सख्त एवं वैधानिक कार्रवाई की जा चुकी है। अवैध, आनलाइन सट्टा नेटवर्क की सटीक निगरानी कर पुलिस की कड़ी कार्रवाई जारी है।

## सरपंच और समिति के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश, नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# अवैध रेत खदान संचालन करने पर कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत अछोटा के सरपंच तथा ग्राम विकास समिति द्वारा रेत की अवैध वसूली करने की शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर से की है। गुरुवार को अछोटा के पूर्व उपसरपंच अनीश देवांगन, भोलानाथ देवांगन सहित दर्जनों की संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार दुर्गेश सिंह को ज्ञापन सौंपा।

कलेक्टर के नाम सौंपे शिकायत ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि अछोटा की महानदी में स्थित अवैध रेत खदान को सरपंच के संरक्षण में ग्राम विकास समिति संचालित कर रही है। समिति के अध्यक्ष, सचिव ने गांव के एक व्यक्ति को 65 हजार रुपये प्रतिमाह की दर से खदान को बेचा है जिसकी वसूली प्रति ट्रेक्टर 300 रुपया की दर से की जा रही है। शिकायत में आगे कहा है कि जब प्रशासन अवैध खदान के संचालन पर रोक लगाने की कार्रवाई करता है तो सरपंच और समिति अपने आपको बचाने प्रशासन के समक्ष अवैध खदान बंद होनी चाहिए कहकर भीड़ के माध्यम से दूसरों के खिलाफ झूठी शिकायत करते हैं। ग्रामीण स्तर पर विरोध करने पर दबाव बनाया जाता है व मारपीट की घटना को अंजाम दिया जाता है। इससे गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। अवैध खदान संचालन के संबंध में ग्रामीणों ने एसडीएम, तहसीलदार के पास शिकायत की तो कार्रवाई से बचने के लिए चक्काजाम कर विषय से ध्यान भटकाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर सरपंच तथा ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष, सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



### खनिज विभाग की सख्ती, ट्रेक्टर संचालकों में हड़कंप

रेत के परिवहन में लगे ट्रेक्टरों पर खनिज विभाग की लगातार हो रही कार्रवाई से संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। गुरुवार को खनिज विभाग की टीम ने कुछ ट्रेक्टरों को अवैध परिवहन के मामले में पकड़ा। ट्रेक्टर पकड़ने की सूचना मिलते ही ट्रेक्टर संचालकों और ड्राइवरों ने इसका जमकर विरोध किया। खनिज विभाग ने एसडीएम, तहसीलदार को सूचना देकर विरोध की जानकारी दी। मौके पर पुलिस बल के साथ अधिकारी पहुंचे और ट्रेक्टरों को जब्त कार्रवाई कर कलेक्टोरेट परिसर ले गए।

### ग्रामीणों से भेदभाव करने का आरोप

एक अन्य शिकायत में ग्रामीणों ने सरपंच के खिलाफ नियम विरूद्ध पंचायत का संचालन, प्रस्ताव करना, कोरम के अभाव में बैठक करना, पंचों को निष्कासन कराने की प्रक्रिया में शामिल रहने, पंचायत को बाहरी लोगों के माध्यम से संचालित करना, लोगों के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार करने, राशि का आहरण करने की शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### बिना रायल्टी के बेखौफ दौड़ रहे हाइवा

ट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष महिप अग्रवाल का कहना है कि माइनिंग विभाग से पिछले पांच साल से ट्रेक्टरों के लिए रेत परिवहन के लिए टीपी व्यवस्था करने की मांग की जा रही है। लेकिन इस पर प्रशासन गंभीर नहीं है। हाइवा बिना रायल्टी के बेखौफ दौड़ रहे हैं। ट्रेक्टरों को पकड़कर कलेक्टोरेट में खड़ा किया जाता है। किसी वाहन को तुरंत, किसी को दो चार दिन में, किसी वाहन को 15 से 20 दिन बाद छोड़ा जाता है। उनका कहना है कि खनिज अधिनियम के तहत ट्रेक्टरों से जुर्माना लेकर मौके पर छोड़ा जाना चाहिए।




# रोजगार एवं आवास दिवस से ग्राम पंचायतों में बढ़ी जागरूकता

## श्रमिकों को मजदूरी भुगतान, कार्यों की प्रगति से कराया गया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्य स्थलों पर रोजगार दिवस एवं आवास दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह आयोजन कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीणों, श्रमिकों, जनप्रतिनिधियों तथा पंचायत अमले की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा जल संरक्षण गतिविधियों की जानकारी दी गई। श्रमिकों को मजदूरी भुगतान, कार्यों की प्रगति और रोजगार के अवसरों के संबंध में विस्तार से बताया गया। पंचायतों में तालाब निर्माण, डबरी निर्माण, पौधरोपण एवं जल संरक्षण कार्यों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।




### "नवा तरिया आय के जरिया" योजना बनी आय का माध्यम

कार्यक्रम में नवा तरिया आय के जरिया योजना की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि तालाबों के निर्माण एवं पुनर्जीवन से मत्स्य पालन, सिंचाई, पशुपालन और सब्जी उत्पादन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। इससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है तथा रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। महिलाओं और स्व-सहायता समूहों की सहभागिता भी उल्लेखनीय रही। पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों ने मजदूरी भुगतान की ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए श्रमिकों की समस्याएं भी सुनीं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं से संबंधित सूचना सामग्री का वितरण कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया

**प्रधानमंत्री आवास योजना और जल संरक्षण पर विशेष जोर :** आवास दिवस के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को 90 दिनों के भीतर आवास पूर्ण करने की जानकारी दी गई। तकनीकी सहायकों ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। कई पंचायतों में पूर्ण आवासों का अवलोकन भी कराया गया, जहां हितग्राहियों ने पक्का मकान मिलने से जीवन में सुरक्षा और सम्मान बढ़ने की बात कही। जल संरक्षण अभियान के तहत ग्रामीणों और श्रमिकों को रैन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाने की शपथ दिलाई गई।

## खबर संक्षेप

### धान में सूखत से साढ़े 11 करोड़ का नुकसान : तारिणी



**धमतरी।** कांग्रेस की जिलाध्यक्ष तारिणी नीलम चंद्राकर ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करते तक किसानों को राज्य सरकार ने रूलाया। समर्पण कराया, कम धान की खरीदी की। इससे किसान परेशान रहे। अब जिले में संचालित 74 समितियों को राज्य सरकार कर्ज में डुबाने में लगी है। किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे धान का 72 घंटे के भीतर उठाव नहीं करा सकी। अब खामियाजा जिले में संचालित 74 समितियों को भुगतना पड़ रहा है। धमतरी जिले में कुल 35 हजार क्विंटल धान की सूखत आई है। सूखत धान का मूल्य साढ़े 11 करोड़ रुपये है। अब इस धान की भरपाई समितियों को करना पड़ेगा। साथ ही समितियों को शून्य शार्टेज पर मिलने वाली 2 से 4 लाख तक प्रोत्साहन राशि भी नहीं मिलेगी। इससे समितियों की चिंता बढ़ गई है। समितियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। राज्य सरकार की लापरवाही से समितियां कर्ज में डूबने की कगार पर हैं।

### रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) अबिनाश मिश्रा ने रिटर्निंग अधिकारी पंचायत एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी पंचायत नियुक्त किया है। उन्होंने पंच-सरपंच के उप निर्वाचन के लिए विखं धमतरी, कुरूद, मगरलोड एवं नगरी हेतु संबंधित तहसीलदार को रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत एवं संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत नियुक्त किया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम के अनुसार कतिपय मामले में नामंजूर किए गए सरपंच एवं पंच के नाम निर्देशन पत्रों का पुनरीक्षण किए जाने विकासखंड के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुनरीक्षण अधिकारी होंगे।

## निधन

### पीलूराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम कमरौद निवासी पीलूराम साहू का 4 मई सोमवार को निधन हो गया। वे दुलारी बाई साहू के पति तथा टेकेश्वर, रिमेश, वासु, किशोर साहू के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### 16 पेड़ों की अवैध कटाई सिद्ध, 16 हजार जुर्माना पर पीड़ित को नहीं मिली आर्थिक राहत

# आठ साल बाद भी अधूरा न्याय किसान को मुआवजे का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

हरिभूमि इम्पैक्ट

न्याय में देरी और व्यवस्था की विसंगतियां कभी-कभी पीड़ित के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम करती हैं। कुरुद के ग्राम थूहा निवासी किसान तोरन सिंह साहू का मामला इसका जीवंत उदाहरण है। साढ़े आठ साल के लंबे कानूनी संघर्ष के बाद फैसला तो आया, लेकिन वह किसान के लिए राहत के बजाय हताशा लेकर आया है।

यह मामला साल 2018 में किसान की मेड़ पर स्थित साजा प्रजाति के 16 पेड़ों की अवैध कटाई से शुरू हुआ था। किसान का आरोप था कि रसूखदारों ने बिना अनुमति न केवल पेड़ काटे, बल्कि उनकी फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया। इस मामले में विडंबना तब और गहरी हो गई जब अनावेदकों में डिप्टी रेंजर ऐरावत मुर्रे का नाम सामने आया, जिन पर स्वयं वनों की रक्षा का दायित्व है। हरिभूमि द्वारा 29 दिसम्बर 2018 के अंक में में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद ही प्रशासन ने सुध ली थी।





नग साजा वृक्ष को अवैध तरीके से काटकर ले जाने की शिकायत

### न्याय का लंबा और पेचीदा सफर

किसान तोरन सिंह ने न्याय के लिए निचली अदालत से लेकर कमिश्नर कोर्ट तक का दरवाजा खटखटाया। दिसंबर 2021: साक्ष्य के अभाव में मामला नस्तीबद्ध हुआ। अप्रैल 2023: अपर कलेक्टर ने आदेश को त्रुटिपूर्ण मानकर पुनः सुनवाई के निर्देश दिए। जुलाई 2025: रायपुर कमिश्नर कोर्ट ने आरोपियों की अपील खारिज की। फरवरी 2026: एसडीएम कोर्ट ने आरोपियों को भू-राजस्व संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया।

### जुर्माना तो लगा, पर मुआवजा नहीं

एसडीएम कोर्ट ने दोषियों पर 16 हजार रुपये का सरकारी जुर्माना तो लगाया, लेकिन आदेश में पीड़ित किसान की क्षतिपूर्ति का कोई उल्लेख नहीं किया। 100 महीनों की लंबी लड़ाई, मानसिक प्रताड़ना और आर्थिक नुकसान झेलने वाले किसान को न तो पेड़ों की लकड़ी मिली और न ही फसल का हर्जाना। किसान ने अब जिला प्रशासन से वास्तविक न्याय और मुआवजे की गुहार लगाई है, ताकि इस अधूरे न्याय को पूर्णता मिल सके।

### नियमानुसार हुई कार्रवाई

नभसिंह कोसले अनुविभागीय अधिकारी कुरुद ने बताया कि इस प्रकरण में छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के प्रावधान अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

## 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों का किया जायेगा निराकरण

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से आमजन तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता एवं सहमति से विवादों के समाधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह 21 अप्रैल से आरंभ होकर 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ सम्पन्न होगा। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को शामिल किया जाएगा। इस दौरान पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण, समिति के मध्यस्थता केन्द्रों में किया जाएगा। सुलह वार्ता की प्रक्रिया 21 अप्रैल से ही प्रारंभ हो चुकी है। इस समाधान समारोह का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति एवं सुलह के माध्यम से त्वरित निष्पादन करना है।

### आपसी सहमति से समाधान की दिशा में करें प्रयास

अधिवक्ताओं, वादाकारियों एवं सभी संबंधित पक्षों से अपील की गई है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और आपसी सहमति से समाधान की दिशा में प्रयास करें। सुलह बैठकों में पक्षकार शारीरिक अथवा आभासी माध्यम से भी शामिल हो सकते हैं। अपने मामले को समाधान समारोह में शामिल करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध गूगल फार्म भरना होगा। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई है।

## शिकायत के सप्ताह बाद भी जांच शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

■ हितग्राही न्याय के लिए भटक रहे

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में राशन की कटौती और अनियमितताओं को लेकर शासन के बड़े-बड़े दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। मगरलोड तहसील अंतर्गत नवीन नगर पंचायत करेली बड़ी के एक पात्र हितग्राही ढालचंद निषाद ने खाद्य विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

हितग्राही ढालचंद निषाद ने 30 अप्रैल को खाद्य अधिकारी धमतरी को एक लिखित शिकायत सौंपी थी। 35 किलोग्राम चावल के स्थान पर उन्हें उचित मूल्य दुकान द्वारा मात्र 20 किलोग्राम चावल ही दिया जा रहा है। हितग्राही ने केवाईसी जैसी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं, फिर भी उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

हैरानी की बात यह है कि कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) में आधिकारिक पावती मिलने के एक सप्ताह बाद भी अब तक विभाग का कोई भी अधिकारी जांच के लिए मौके पर नहीं पहुंचा है। पीड़ित हितग्राही से अब तक किसी भी प्रकार की पूछताछ नहीं की गई है, जिससे विभाग की कार्यशैली और मंशा पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। हितग्राही ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और तथ्यात्मक जांच की जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में पात्र परिवारों को उनके हक का पूरा राशन मिल सके। विभागीय विलंब के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है।

## अंचल की खबरें

### पुरी में पाइपलाइन विस्तार के लिए भूमिपूजन



**पुरी।** जनपद सदस्य नम्रता पालनहार दिली ने ग्राम पंचायत पुरी में पाइपलाइन विस्तार कार्य की मांग जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू से की थी। विकासकार्य का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि जिपं सभापति धनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य नम्रता दिली, सरपंच पुरी कुंती देवदास, पूर्व जिला अध्यक्ष बालराम साहू, पूर्व सरपंच चिरौंजीलाल साहू, उपसरपंच फत्तेलाल नेताम, सचिव गिरवर साहू, नोकेश कुमार साहू पंच, रामबाई धीमर पंच, निहारिका रोजगार सहायक, सितेश्वरी साहू पूर्व सरपंच, मदन साहू, तोरण पटेल, सोहद्रा निर्मलकर, सुरुचि बाई साहू, नारायण, फागू, पूरन देवदास मौजूद थे।

### कोंडापार स्कूल का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत रहा



**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल कोंडापार में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत रहा। परीक्षा में 49 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 23 छात्र प्रथम व 20 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कुमकुम साहू 89.83 प्रतिशत, योगिता साहू 88 प्रतिशत, हिमेश बंजारे 86.83 प्रतिशत, संजना साहू 86 प्रतिशत, तारिणी 82 प्रतिशत, श्वेता 81.33 प्रतिशत, दामिनी 78.33 प्रतिशत, चेतना ने 76.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया। छात्रों की सफलता पर प्राचार्य श्रीमती गौरीकान्ता साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष तुकाराम यादव, सांसद प्रतिनिधि रामलाल साहू, कोंडापार सरपंच भीम साहू, खुरसेंगा सरपंच हरिशंकर साहू, पवन नवंरगे, व्याख्यातागण मनीषा शर्मा, कंचन शुक्ला, डॉ आशा पांडे, सुधा बैस, रश्मि सिंह, सविता सोनी ने हर्ष जताया है।

### शिक्षकों को दिया जा रहा हिन्दी और इंग्लिश ग्रामर का प्रशिक्षण






**धमतरी।** ज्ञान अमृत इंग्लिश स्कूल में शिक्षकों के व्यक्तित्व एवं शिक्षण कौशल के विकास हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षकों को स्पोकन इंग्लिश, इंग्लिश ग्रामर तथा हिंदी ग्रामर का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिसमें यह अपनी भाषा दक्षता को और अधिक प्रभावशाली एवं परिपूर्ण बना सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम लगभग 45 दिनों तक संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा व्यवहारिक एवं सरल तरीकों से शिक्षकों को भाषा ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। इंग्लिश विषय का प्रशिक्षण घनश्याम शर्मा द्वारा एवं हिंदी ग्रामर का प्रशिक्षणएनआर यादव द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल, मां दंतेश्वरी हाईस्कूल एवं गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी के शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग ले रहे हैं। इस दौरान शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, सही उच्चारण, प्रभावी संवाद शैली तथा व्याकरण की बारीकियों की जानकारी दी जा रही है।

### कन्या शिक्षा परिसर दुगली का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या शिक्षा परिसर दुगली में 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में 35 छात्राओं ने परीक्षा दी और शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। 30 छात्राएं प्रथम श्रेणी में एवं 5 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। यशस्वी पिता देवदत्त ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम, डिगेश्वरी 87.66 प्रतिशत द्वितीय एवं विद्यारानी पिता चंद्रभान यादव 86.8 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय रहे। कक्षा 12वीं में 33 छात्राओं में से 32 छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं 1 छात्रा ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। 12वीं कला संकाय में नीली पिता मनकराम 87.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, मंजीता पिता छबि लाल ने परीक्षा 84.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय रहे। विज्ञान संकाय में दुर्गा पिता दिलीप कुमार ने 86.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम एवं गणित संकाय में संगीता पिता अश्वन ने 83.6 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर शाला की प्राचार्य शांति पटेल, व्याख्याता श्रीमती पूर्णिमा सोम, पी. देहारी, देवानंद साहू, व्याख्यातागण, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष आशाराम ओटी, विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न साक्षी, बंशीलाल सोरी, चंद्रभान यादव, छात्रावास अधीक्षक श्रीमती राजकुमारी मंडावी, हरखराम मंडावी ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद


तहसील साहू समाज ने शुरू किया प्याऊ घर

भीषण गर्मी के बीच राहगीरों और आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से तहसील साहू समाज कुरूद द्वारा प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। यह पहल जिला व्यापारी संघ साहू समाज धमतरी के निर्देशानुसार 1 मई से शुरू की गई, जहां लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। प्याऊ घर के शुभारंभ कार्यक्रम में जिला व्यापारी संघ के महामंत्री गोकुल साहू, तहसील साहू समाज अध्यक्ष कृष्णकांत साहू सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान समाजजनों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि गर्मी के दिनों में आमजन को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज सेवा की भावना से किए जा रहे ऐसे कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में मनीष साहू, टिकेश साहू, राजकुमार साहू, तुकेश साहू, घनश्याम साहू, मोहित साहू, विक्की साहू, प्रभा साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## 10वीं में मीनाक्षी और 12वीं में सोनाली प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल मडेली का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। बारहवीं का 95.16 प्रतिशत और दसवीं का परीक्षा परिणाम 85.71 प्रतिशत रहा। बारहवीं में 44 और दसवीं में 32 छात्र-छात्रायें प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 10वीं में मीनाक्षी पटेल और 12 वीं में सोनाली निर्मलकर विद्यालय में प्रथम रहे। गणित संकाय में सोनाली निर्मलकर 90.4 प्रतिशत एवं निधि बैस 87 प्रतिशत, वाणिज्य से हिना पाल 83.6 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में ट्विंकल पटेल 81.4 प्रतिशत, कला संकाय में श्रेयांश देवांगन 80.2 प्रतिशत रहे। दसवीं में मीनाक्षी पटेल 87.83 प्रतिशत, चंचल साहू 84 प्रतिशत, वासनी 83.6 प्रतिशत, धनिका साहू 83.3 प्रतिशत, पुष्पेंद्र ने 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

इस अवसर पर व्याख्याता मनोज टंडन ने कहा कि स्कूली जीवन का पड़ाव तो आप सभी ने सफलतापूर्वक पार कर लिया है परंतु जीवन की असली परीक्षा का सामना करना अभी शेष है। भविष्य में आने वाली परीक्षाओं के लिए भी कमर कस लें। मौके पर प्राचार्य संजीव बल्लाल, मनोज टंडन, फरजाना अली, मंजुलता ध्रुव, तुषेन्द्र तरार, रामदयाल साहू, गीता यादव, रजनीश साहू, रुस्तम सिंह, हरिशंकर नेताम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोतीलाल सोन, शेखर साहू, यशवंत साहू, डॉ उमाशंकर साहू, हरीश गांधी, बंशीलाल देवांगन, डॉ नंद साहू, अजीतगिरी गोस्वामी, नवीन गांधी, तुरेन्द्र साहू, जनपद सदस्य ठाकुर राम साहू सरपंच वीणा लक्ष्मीनारायण साहू, उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन मौजूद थे।

### भाजपा सिर्री मंडल की मासिक कार्यकारिणी बैठक में सरकार की योजनाओं पर हुई चर्चा

# योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



भाजपा सिर्री मंडल की मासिक कार्यकारिणी बैठक संगठनात्मक मजबूती एवं जनसेवा के संकल्प के साथ संपन्न हुई। बैठक में केंद्र, राज्य सरकार एवं स्थानीय विधायक द्वारा किए जा रहे जनहितकारी एवं विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, आम जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा पार्टी की रीति-नीति एवं सरकार की योजना उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने पर चर्चा की गई।

इस दौरान पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर एवं मिठाई वितरण कर खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, सुशासन, विकास एवं राष्ट्रहित की नीतियों पर जनता के अटूट विश्वास की जीत बताया।

बैठक में अप्रैल माह में हुए कार्यक्रम गांव चलो घर घर चलो 6 अप्रैल , पार्टी का स्थापना दिवस 14 अप्रैल डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती, केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन विधेयक को विपक्ष द्वारा गिराए जाने पर विपक्ष का पुतला दहन समेत विभिन्न कार्यक्रमों को सभी बूथ व मंडल में सफल संचालन के लिए कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

मौके पर मंडल प्रभारी पुष्पेंद्र साहू, सहप्रभारी जीवन साहू, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, मंडल अध्यक्ष डॉ. लोकेश साहू, महामंत्री गौरव भोंसले, महामंत्री थानेश्वर तारक, रामलाल साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष झागेश्वर ध्रुव, घनश्याम साहू, किसान मोर्चा जिला महामंत्री देवेंद्र साहू, जनपद सदस्य चंचल साहू, संतोष साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष गौकरण निर्मलकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा ध्रुव, पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष योगेश साहू, अजजा मंडल अध्यक्ष मंशा चतुर्वेदी, जनपद सदस्य अनुराग साहू, ठाकुरराम साहू, गंगा साहू, ललिता भतपहरी, रूपचंद देवांगन, पूजा साहू, वीणा साहू, वंदना ध्रुव, योगेश्वरी तारक, डेमेश्वरी साहू, ओमप्रकाश यादव, राकेश साहू, देवचरण चंद्राकर, शुभम बघेल, सुबेंद्र साहू, चैतन्य गिरी गोस्वामी, देशात सिन्हा, लेखराम सिन्हा, रामनाथ शर्मा, कामेश बंजारे, चूड़ामणि साहू मोहन साहू, लोकेश साहू, संदीप डेहरिया, योगेंद्र साहू, रोशन कुमार, लुकेश सार्वा, हेमलाल भार्गव, सेवकराम साहू, टुमेंद साहू, पिंटू सेन, राजेंद्र साहू, राजेन्द्र साहू, पूरणलाल घृतलहरे सरपंच अछोटी, सुरेन्द्र कुर्रे, शिवराम श्रीहोल, हेमंत साहू, शेखन साहू, अंकालु गंधर्व, उग्रसेन साहू, हरिराम साहू, डॉ. दुलारू राम, वालेंदु राजपूत, रोहित योगेंद्र साहू, विजय रात्रे, उत्पल घिवरिया, महेश साहू उपस्थित थे।

# चोर ले गया साइकिल, रोती रही छात्रा, इस माह दो साइकिल पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

लाइब्रेरी में पढ़ने जाने वाले स्टूडेंट वाहन चोरी से परेशान हैं। बुधवार को फिर एक छात्रा की नई साइकिल को चोर ले गया। शाम को पढ़कर जब छात्रा बाहर निकली तो साइकिल नहीं पाकर उसके आंख में आंसू आ गए। आसपास उसने खूब खोजबीन की, लेकिन साइकिल नहीं मिली। थक हारकर उसने लाइब्रेरी में शिकायत दर्ज कराई और घरवालों को बुलाकर घर चली गई।

रत्नाबांधा रोड स्थित लाइब्रेरी युवाओं का स्टडी पाइंट बना हुआ है। यहां पर शहर के अतिरिक्त गांव-गांव से छात्र-छात्राएं पढ़ने के लिए आते हैं। अधिकांश यहां पर कम्पिटिशन परीक्षा की तैयारी के लिए आते हैं। पढ़ाई का अच्छा माहौल मिलने से कई छात्र-छात्राएं स्कूल, कॉलेज की परीक्षा की तैयारी के लिए आते हैं। इन छात्र-छात्राओं के लिए सबसे बड़ी समस्या यहां पर साइकिल, स्कूटी और मोटरसाइकिल चोरी की है। छात्र-छात्राएं वाहन को बाहर खड़ा कर अंदर पढ़ने चले जाते हैं। यहां पर कई वाहन चोर ताक में रहते हैं। मौका पाते ही वे वाहनों पर हाथ साफ कर देते हैं। इस माह दो लोगों की साइकिल चोरी हो चुकी है। बुधवार को भी 12वीं की एक छात्रा की साइकिल चोरी हो गई। शाम को जब वह लाइब्रेरी से बाहर निकली, तब उसे साइकिल चोरी की जानकारी हुई। बाहर में वह घंटों तक साइकिल को खोजती रही।

### लाइब्रेरी में पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राएं वाहन चोरी से परेशान

**बदहाल पार्किंग व्यवस्था**

लाइब्रेरी में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है, लेकिन यहां पर वाहन पार्किंग की पर्याप्त सुविधा नहीं है। यही नहीं लाइब्रेरी के बाहर कैमरों की भी कमी है। सिर्फ एक कैमरा लगा हुआ है, जो बाहर पूरा कवर नहीं कर पाता है। चोरों को भी कैमरे की स्थिति की जानकारी है, जिसके चलते वे ऐसी जगहों पर रखे वाहनों में हाथ साफ करते हें, जहां पर कैमरा कवर नहीं कर पाता है।



**सुरक्षा की दरकार**

बेरोजगार युवा पहले से आर्थिक तंगी से जूझते रहते हैं, ऐसे में उनका वाहन चोरी हो जाना, उनके लिए बड़ी विपत्ति है। लाइब्रेरी के लिए शासन से अच्छा खासा फंड मिलता है, लेकिन स्थिति यह है कि कैमरे भी ठीक से नहीं लगे हैं। ऐसे में छात्र- छात्राओं की सुरक्षा पर भी प्रश्नचिन्ह लग जाता है। पुलिस द्वारा भी यहां पर साइकिल चोरी रोकने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

## राज्य स्तरीय रैंकिंग में सभी जिलों को पछाड़ा, रचा नया इतिहास

# प्रधानमंत्री आवास योजना में धमतरी बना प्रदेश का नंबर-वन जिला


- आवास निर्माण में उत्कृष्ट प्रदर्शन, जिला प्रशासन की विशेष उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध आवास निर्माण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए धमतरी जिले ने छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल कर नया इतिहास रच दिया है। राज्य कार्यालय द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में धमतरी ने सभी जिलों को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि जिला प्रशासन की सतत मॉनिटरिंग, योजनाबद्ध कार्यप्रणाली और ग्रामीण हितग्राहियों की सक्रिय भागीदारी का परिणाम मानी जा रही है।

जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में योजना को मिशन मोड में संचालित किया गया।

जिले के धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी विकासखंडों में हजारों पात्र परिवारों को पक्के आवास का लाभ मिला। प्रशासन ने हितग्राहियों को समय पर राशि, तकनीकी सहायता और निर्माण सामग्री उपलब्ध कराकर आवास निर्माण को गति दी।



**डिजिटल मॉनिटरिंग और गुणवत्ता से मिली सफलता**

धमतरी जिले ने केवल लक्ष्य पूर्ति ही नहीं, बल्कि गुणवत्ता, जियो टैगिंग, राशि वितरण, स्वीकृति और मनरेगा मस्टररोल जैसे महत्वपूर्ण मानकों में भी शानदार प्रदर्शन किया। अधिकारियों द्वारा गांव-गांव जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। डिजिटल मॉनिटरिंग, ऑनलाइन प्रगति रिपोर्ट और नियमित समीक्षा बैठकों से कार्यों में पारदर्शिता बनी रही।

**समस्याओं का तत्काल किया निराकरण**

जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में आवास निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा की गई तथा प्रत्येक स्तर पर मॉनिटरिंग को मजबूत बनाया गया। पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई थी। जिन हितग्राहियों के आवास निर्माण में किसी प्रकार की समस्या सामने आयी उनका तत्काल निराकरण किया गया। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में सचिवों, रोजगार सहायकों, तकनीकी सहायकों और ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास से जुड़ा अभियान**



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल एक निर्माण योजना नहीं बल्कि गरीब परिवारों के सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास से जुड़ा अभियान है। प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को पक्का घर उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। जिले के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और हितग्राहियों के सामूहिक प्रयास से धमतरी ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीब परिवारों के सपनों को साकार करने का कार्य किया है।

# हसदा में सुशासन तिहार आज



- 13 को मेघा, 15 को खड़मा, 29 को राजपुर, 4 को परसट्ठी में शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

राज्य सरकार द्वारा शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने, योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 1 मई से 10 जून तक आम जनता से प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण, समाधान शिविर आयोजित है। मगरलोड विकासखंड में 8 मई को हायर सेकेंडरी स्कूल हसदा शिविर स्थल रहेगा जिसमें खिसोरा, हसदा, डुमरपाली, नवागांव, धौराभाठा, कपालफोड़ी, गाड़ाडीह, मोतिमपुर, रांकाडीह, भोथीडीह, शुक्लाभाठा, अमलीडीह सहित 12 ग्राम पंचायत शामिल होंगी। 13 मई को हायर सेकेंडरी स्कूल मेघा के शिविर स्थल में मेघा, अरौद,गिरौद, सौंगा, हरदी बेलौदी, सांकरा, परसवानी, कुल्हाड़ीकोट, परसाबुड़ा, दूधवारा, कोरगांव, बेलरदोना, मडेली, भरदा, बोड़रा, कमरौद, खिरझिटी सहित 18 गांव शामिल होंगे। 15 मई को शिविर स्थल प्राथमिक शाला खड़मा में सिंगपुर, मुड़केरा, बिरझुली, सोनझरी, भंडारवाडी, केकराखोली, खड़मा, पठार, मोहेरा, बोईरगांव, मारागांव सहित 11 ग्राम पंचायतें शामिल होंगी। 29 मई को शिविर स्थल निषाद भवन राजपुर के पास पहंदा, झाझरकेरा, बोरसी, लड़ेर, भोथा, सोनेवारा, सरगी, मोहंदी, राजपुर,बेलोरा, सोनपैरी, डाभा, करेली छोटी, छिपली सहित 14 ग्राम शामिल होंगे। 4 जून को शिविर स्थल साहू भवन के पास परसट्टी में भेंडरी, चन्द्रसुर, नवागांव बु., चंदना,परसट्टी, परेवाडीह, मोहरेंगा, धौराभाठा कु., कुडेल सहित 10 ग्राम शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### फार्मर आईडी और पीओएस मशीन की अनिवार्यता किसान विरोधी कदम : तारिणी



**धमतरी।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर ने उर्वरक वितरण में फार्मर आईडी और पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) मशीन की अनिवार्यता को किसान विरोधी कदम बताते हुए सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने इसे अव्यवहारिक और समस्याग्रस्त व्यवस्था करार देते हुए कहा कि इससे जमीनी स्तर पर किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। श्रीमती चन्द्राकर ने कहा कि प्रदेश के दूरस्थ और ग्रामीण इलाकों में नेटवर्क कनेक्टिविटी पहले से ही कमजोर है। ऐसे में पीओएस मशीन के जरिए आधार प्रमाणीकरण में बार-बार दिक्कतें आएंगी। सर्वर डाउन रहने की स्थिति में खाद वितरण बाधित होगा और किसानों को सहकारी समितियों चक्कर लगाने पड़ेंगे। वृद्ध किसानों के फिंगरप्रिंट मशीन द्वारा पहचान न होने से उन्हें खाद मिलने में कठिनाई होगी। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि आधार के लिंकिंग में गड़बड़ी या पीओएस मशीन में गलत एंट्री के कारण कई किसान खाद से वंचित रह सकते हैं।

### गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी

- तापमान गिरा, भीषण गर्मी से मिली राहत

**धमतरी।** चक्रवात तथा द्रोणिका के प्रभाव से जिले का मौसम बदला हुआ है। अधिकतम तापमान में 4 डिग्री की गिरावट होने से भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। आगामी 4 दिन में तापमान में फिर से 2 से 4 डिग्री क्रमिक वृद्धि की संभावना है। अगले 5 दिन में प्रदेश के एक दो स्थानों पर तेज हवाएं, वज्रपात, गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण मध्यप्रदेश के मध्य भाग से छत्तीसगढ़ होते हुए झारखंड तक 0.9 किमी ऊपर द्रोणिका बना हुई है। ओडिशा के आंतरिक भाग और इससे सटे छत्तीसगढ़ के उपर 1.5 किमी ऊंचाई पर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके प्रभाव से शुक्रवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है। वहीं एक दो स्थानों पर गरज -चमक के साथ वज्रपात होने तथ 40 से 50 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। जिले में सप्ताह भर पहले भीषण गर्मी का आलम था। ग्रीष्म लहर चलने के साथ तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से पार हो गया था। मौसम के करवट लेने के बाद अधिकतम तापमान 38 डिग्री पर आ गया है। ज्ञात हो कि बुधवार शाम को तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई थी।

### भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर आमदी में जश्न

**धमतरी।** असम, पश्चिम बंगाल एवं पुडुचेरी में हुए चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर नगर पंचायत आमदी में जश्न मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू ने इसे जनता के विश्वास की जीत बताया है। पूर्व अध्यक्ष हेमंत माला का कहना है कि यह जीत सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति पर जनता की मुहर है। तेजराम साहू पूर्व उपाध्यक्ष कहा कि इस जीत के साथ ही भाजपा ने नया विश्वास, विकसित भारत के अपने संकल्प को और मजबूत करने का संदेश दिया है। जनसेवक गणेश्वर साहू ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के अटूट समर्थन का परिणाम है।

# गुदगुदा में तेंदुए की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत



- बकरियों और बछड़ों को बना रहा शिकार, वन विभाग से मुआवजे और रेस्क्यू की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

जंगलों में भोजन और पानी की कमी अब वन्य प्राणियों को रिहायशी इलाकों की ओर धकेल रही है। धमतरी में भालू और नगरी क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी के बाद अब कुरुद ब्लॉक के ग्राम गुदगुदा में तेंदुए की लगातार आवाजाही से ग्रामीण दहशत में हैं। पिछले दो महीने से गांव और महानदी किनारे तेंदुए के देखे जाने की खबरें सामने आ रही हैं। हालांकि वन विभाग लगातार गश्त कर रहा है, लेकिन अब तक तेंदुए को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है।

ग्रामीणों के मुताबिक दिन में चरवाहों ने नदी कछार की घनी झाड़ियों के पास तेंदुए को देखा है, जबकि रात में वह गांव के भीतर घुसकर आवारा कुत्तों का शिकार कर रहा है। गांव में कुत्तों की संख्या तेजी से कम होने लगी है। सरपंच सोनम संजय साहू ने बताया कि कई पशुपालकों के छोटे बछड़े और बकरियां भी गायब हुई हैं। चुम्मन निषाद का बकरा, मालिक ध्रुव की बकरी तथा अलीराम और केवल साहू के बछड़ों को तेंदुए द्वारा शिकार बनाए जाने की आशंका है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजे और जल्द रेस्क्यू की मांग की है।

वन विभाग की टीम कई बार गांव पहुंचकर जांच कर चुकी है। रात में कुछ युवकों ने मोबाइल कैमरे में गांव के भीतर घूमते तेंदुए का वीडियो भी रिकॉर्ड किया है।

कुरुद सहायक वन परिक्षेत्राधिकारी एरावत मधुकर ने बताया कि सूचना मिलते ही विभागीय टीम ने गांव और नदी किनारे सघन निरीक्षण किया था। 8 से 10 फीट ऊंची झाड़ियों के कारण तेंदुआ दिखाई नहीं दिया, लेकिन रेत पर उसके पंजों के निशान मिले हैं। चरवाहों और ग्रामीणों के बयान के आधार पर अनुमान है कि यह 4 से 5 साल का नर तेंदुआ है, जो दक्षिण सिंगपुर के जंगल से राजपुर और मोहंदी होते हुए महानदी किनारे यहां तक पहुंचा है।

ग्रामीणों में भय का माहौल है। सोसायटी अध्यक्ष थानेश्वर साहू और युवा मोर्चा से जुड़े देवेंद्र साहू समेत ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द रेस्क्यू अभियान चलाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी घटना से पहले गांव में फैली दहशत खत्म हो सके।

# जनगणना के प्रथम चरण का महापौर ने किया निरीक्षण

- घर-घर पहुंचकर ली व्यवस्थाओं की जानकारी, कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

देशव्यापी जनगणना अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत नगर पालिक निगम क्षेत्र में चल रहे सर्वे कार्य का महापौर रामू रोहरा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में पहुंचकर जनगणना कार्य की प्रगति, कर्मचारियों की कार्यप्रणाली एवं नागरिकों से प्राप्त जानकारी का जायजा लिया। महापौर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर जनगणना कार्य को पूरी पारदर्शिता, सावधानी और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान महापौर रामू रोहरा ने कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारशिला है। जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का निर्माण एवं संसाधनों का निर्धारण किया जाता है। इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक नागरिक की सही एवं सटीक जानकारी दर्ज की जाए, ताकि भविष्य की योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।



**जनगणना दल को सही जानकारी दें**

उन्होंने जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करना एक जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है। कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं धैर्य के साथ कार्य करना चाहिए और नागरिकों से सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार बनाए रखना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना दल को सही जानकारी प्रदान कर इस राष्ट्रीय कार्य में अपना सहयोग दें।

**जनगणना कार्य की सतत निगरानी**

महापौर ने निरीक्षण के दौरान यह भी देखा कि सर्वे कार्य निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित हो रहा है या नहीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही न हो तथा प्रत्येक घर तक जनगणना टीम की पहुंच सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु मकान की गणना एवं मकान सूचीकरण का कार्य प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किया जा रहा है जिसकी सतत निगरानी राज्य के नोडल अधिकारी दीपक कुशवाहा, अपर कलेक्टर मनोज कुमार मरकाम द्वारा की जा रही है। इस दौरान चार्ज अधिकारी मयंक राठौर एवं जनगणना लिपिक सामर्थ रणंसिह मौजूद थे।

## सेमरा डी में विकास कार्यों की रखी गई आधारशिला

**धमतरी।** ग्राम पंचायत सेमरा (डी) में आदिवासी भवन परिसर में विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू थीं। अध्यक्षता जनपद पंचायत धमतरी अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव ने की। कार्यक्रम में आदिवासी समाज भवन में शेड निर्माण, प्रवेश द्वार निर्माण, मुक्तिधाम में शेड निर्माण एवं शिव मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया गया।

अपने संबोधन में श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि ग्राम पंचायतों का सशक्त होना ही वास्तविक विकास की नींव है। राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। बुनियादी सुविधाओं का विस्तार ही गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सबसे बड़ा कदम है।

# चलती बाइक से झपटमारी दो प्रकरण में 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- पुरानी बस्ती, डीडीनगर थाना क्षेत्र में दो महिलाओं के साथ की थी पर्स स्नैचिंग

चलती बाइक से महिलाओं के साथ झपटमारी करने के दो अलग-अलग मामलों में चार बदमाशों को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों को पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुरानी बस्ती तथा डीडीनगर थाना क्षेत्र में झपटमारी करने के आरोप में पुलिस ने शौर्य सिंह उर्फ देवा ठाकुर तथा ईशांत नेगी को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने मोबाइल फोन, लेडीस पर्स, नकदी रकम तथा एक बाइक जब्त की है। बदमाशों ने 28 अप्रैल को ऑटो में सवार होकर घर से अस्पताल जा रही एक महिला के साथ झपटमारी की थी। लूट की शिकार महिला का बदमाश पर्स से नकदी 12 हजार रुपए, मोबाइल निकालकर अन्य जरूरी दस्तावेज रोड में फेंक दिया था। एक अन्य घटना में बदमाशों ने पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में एक्टिवा से अस्पताल जा रही महिला को झपटमारी का शिकार बनाया था। महिला अपनी दोपहिया से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

## पथिकों को मठा पिलाकर दी गर्मी से राहत

**धमतरी।** भीषण गर्मी के इस दौर में जहां हर राहगीर ठंडक की तलाश में रहता है, वहीं शहर के श्रीमती पायल खंडेलवाल एवं अशोक खंडेलवाल ने अपनी बेटी के जन्मदिन को प्रेरणादायक तरीके से मनाया। उन्होंने इस विशेष अवसर पर राहगीरों को शीतल, स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक मठा पिलाकर उन्हें गर्मी से राहत प्रदान की। इस सेवा कार्य के दौरान सैकड़ों पथिकों ने मठा ग्रहण किया तथा। खंडेलवाल दंपति ने बताया कि उनकी बेटी, जो मुंबई में कार्यरत हैं, इस सेवा भाव से अत्यंत प्रसन्न और उत्साहित हैं। उनका मानना है कि जन्मदिन जैसे अवसरों को समाज सेवा के माध्यम से मनाना सच्ची खुशी और आत्मसंतोष प्रदान करता है। इस सेवा कार्य में सुमन शर्मा एवं राजेश शर्मा ने भी अपनी सहभागिता निभाई। इस आयोजन में वर्षा खंडेलवाल, सुनील भारद्वाज, रजनी भारद्वाज, बिपिन दोशी, रसीला बेन दोशी, पराग दोशी, सरिता दोशी का योगदान रहा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर में जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 85224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

।। श्री गणेशाय नमः ।।
माँ कामाख्या देवी के परम भक्त ज्योतिष
शिर्डी से धमतरी में 10वीं बार पधारे हैं
पं. गजानन शास्त्री जी
दिनांक 1/05/2026 से 09/05/2026
आपकी हस्तरेखा, चेहरा देखकर अचूक भविष्य बताते हैं।
कई जगह से निराश व्यक्ति से मिलें। परिवार में अशांति, पैसे में बरकत, नौकरी में प्रमोशन, तलाक, प्रेम विवाह, घर में अशांति, सास बहू में अनबन, संतान प्राप्ति, बच्चों का कैरियर, कोर्ट कचहरी से मुक्ति, शत्रु से मुक्ति, कर्ज से मुक्ति, व्यापार में उन्नति, शादी विवाह में बाधा, विदेश योग, शारीरिक कष्ट, शराब से छुटकारा, बीमारी में दवा का न लगना, पढ़ाई में मन न लगना, धन लाभ, खेती बाड़ी, दुकान, फैक्ट्री, आर्थिक परेशानी। कालसर्प दोष, पितृ दोष, मंगल दोष, स्त्री-पुरुष दोष, भक्ति, पूजा, पाठ द्वारा कठिन से कठिन समस्याओं का 24 घंटे में समाधान। 100% गारंटी के साथ। नेता, अभिनेता सहित हजारों लोग लाभ उठा चुके हैं।
माता और बहनें भी मिल सकती हैं
मिलने का समय : सुबह 8 से 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
पता - रूम नं. 127, भगवती लॉज, बस्तर रोड, धमतरी मो. 8817354017
फीस 201/-

mahindra Rise

॥ भव्य शुभारंभ ॥

mahindra TRACTORS
TOUGH HARDUM

# बरडिया एग्रो

## अब आपके शहर धमतरी में लेकर आया है

## महिन्द्रा ट्रैक्टर की सम्पूर्ण रेंज

सेल्स • सर्विस • स्पेयर

## उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति...



**श्री रमेश राठौर जी**
जोनल हेड
महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमि. (ट्रेक्टर)

**श्री रमाकांत द्विवेदी जी**
सीनियर एरिया मैनेजर, आर.सी.जी.
महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमि. (ट्रेक्टर)

**श्री नीरज अग्रवाल जी**
जोनल चैनल मैनेजर
महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमि. (ट्रेक्टर)

**श्री सचिन हुड़कर जी**
डिप्टी एरिया मैनेजर
महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमि. (ट्रेक्टर)




## आवश्यकता है

| - धमतरी - | | - भखारा - | |
|---|---|---|---|
| सेल्स मैनेजर - 2 पद | मैकेनिक - 5 पद | सेल्स मैनेजर - 1 पद | मैकेनिक - 2 पद |
| सेल्समेन - 10 पद | हार्वेस्टर मैकेनिक - 2 पद | सेल्समेन - 4 पद | हार्वेस्टर मैकेनिक - 1 पद |

रिज्युम/बायोडाटा वाट्सएप करें - 9907938368 साक्षात्कार के लिए संपर्क करें - 9893145916, 9907938368

साक्षात्कार के लिए अपना बायोडाटा लेकर दिनाँक 9 मई से 11 मई तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नीचे दिए पते पर पहुचे.

अधिकृत विक्रेता -

# बरडिया एग्रो

रिलायंस पेट्रोल पंप के पास अर्जुनी, धमतरी

संपर्क करें : 9907938368, 9754731999, 9893145916